प्रादेशिक समाचार

दिनांक–28.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की घोषणा– अग्निवीरों को मिलेगी पेंशन वाली नौकरी।
2. झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा– अक्तूबर के पहले सप्ताह में चुनाव घोषणा पत्र जारी करेगी भाजपा।
3. राज्य सरकार ने और पांच लाख गरीबों को मुफ्त अनाज देने का लिया निर्णय, निजी कोचिंग संस्थानों की फीस तय करने के लिए कमिटी भी बनेगी।
4. राज्यपाल के आदेश के बाद जेएसएससी ने सीजीएल परीक्षा की जांच के लिए बनायी कमिटी, एक सप्ताह में मांगी रिपोर्ट।
5. राज्य में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित, संताल परगना में तीन की मौत, दर्जनों घर हुए क्षतिग्रस्त, मौसम विभाग ने आज भी कई हिस्सों में बारिश का जताया पूर्वानुमान।

****

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री ने घोषणा की है कि सभी अग्निवीरों को पेंशन वाली नौकरी दी जायेगी। हरियाणा के रेवाड़ी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस अग्निवीरों को लेकर भ्रम फैला रही है लेकिन भाजपा यह वायदा करती है कि एक भी अग्निवीर पेंशन वाली नौकरी के बगैर नहीं रहेगा।

****

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अक्टूबर को हज़ारीबाग़ में परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारी की समीक्षा के बाद पार्टी के प्रदेश सह चुनाव प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने हजारीबाग में पत्रकारों से कहा कि अक्टूबर के पहले सप्ताह में पार्टी घोषणापत्र जारी करेगी। श्री सरमा ने भी कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही बांग्लादेशी घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए एनआरसी लागू किया जायेगा।

****

राज्य में अब 25 लाख लोगों को मुफ्त राशन दिया जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। बैठक के बाद राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने पत्रकारों को बताया कि राज्य खाद्य सुरक्षा योजना में पहले 20 लाख लोग शामिल थे लेकिन अब सरकार ने 25 लाख लोगों को इस योजना के दायरे में लाने का फैसला किया है। श्री गुप्ता ने यह भी बताया कि पीडीएस डीलरों का कमिशन बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गयी है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के आदेश पर झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, जेएसएससी ने सीजीएल परीक्षा की जांच के लिए दो सदस्यीय कमिटी का गठन किया है। कमिटी में संयुक्त सचिव मधुमिता कुमारी और उप सचिव अरविन्द कुमार लाल को शामिल किया गया है। कमिटी को जांच पूरी कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा गया है।

****

राज्य की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर रांची के पीएमएलए की विशेष अदालत ने फैसला सुना दिया है। अदालत ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया है। ईडी और बचाव पक्ष की ओर से बहस पूरी होने के बाद 20 सितंबर को अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

****

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत पिछले तीन वर्षों में 67 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते यानि आभा बनाए गए हैं।

****

गुमला जिले में स्वच्छता ही सेवा के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

****

वृक्षारोपण के अभियान एक पेड मां के नाम के अन्तर्गत देशभर में अब तक 80 करोड से ज्यादा पौधे लगाये जा चुके हैं। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 80 करोड़ पौधे लगाने के महत्वकांक्षी लक्ष्य को

सफलता पूर्वक हासिल कर लिया है। मंत्रालय के अनुसार यह लक्ष्य निर्धारित समय सीमा से पांच दिन पहले 25 सितम्बर को पूरा कर लिया गया।

****

राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। भारी बारिश से संताल परगना के कई जिलों में दर्जनों घर क्षतिग्रस्त हो गये हैं और तीन लोगों की मौत हुई है। इधर, बारिश से लातेहार, पूर्वी सिंहभूम और सिमडेगा में कई सड़कों को नुकसान पहुंचा है। इससे आवागमन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में आज भी गरज के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

****

चंडीगढ़ में आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में झारखंड ने दिल्ली को चार के मुकाबले छह गोल से हराकर शानदार जीत हासिल की। इस मैच में आशीष तानी पूर्ती ने 3 गोल किये। इस मैच में हॉकी झारखंड के सुजीत केरकेट्टा को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड कैबिनेट की बैठक में लिये गये निर्णयों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं–झारखंड में अब 25 लाख को मिलेगा मुफ्त राशन।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– शुल्क नियामक समिति तय करेगी निजी संस्थानों में व्यवसायिक कोर्स की फीस।

प्रभात खबर की सुर्खी है– कांके में बनेगा 5 सौ बेड का नया मेडिकल कॉलेज, एक हजार चौहत्तर दशमलव छह आठ करोड़ रुपये स्वीकृत।

दैनिक जागरण लिखता है– राज्यसभा चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग से जुड़ी सीडी की सीबीआई करेगी जांच।

रांची एक्सप्रेस ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है– नियुक्तियों के साथ पोस्टिंग में बरती जा रही पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने जहां कर्नाटक मुख्यमंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने की खबर को सुर्खी बनायी है, वहीं हिन्दुस्तान टाइम्स ने पराली जलाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

****